Regarding need to expedite the construction of roads in Kaimur district, Bihar under Bharatmala Project- laid

श्री सुधाकर सिंह **(बक्सर) :** मैं सरकार का ध्यान बिहार के कैमूर जिले में भारतमाला परियोजना के अंतर्गत 119 किमी. भूमि अधिग्रहण एवं सड़क निर्माण की प्रगति के अंतर्गत पैकेज- I (19.24 किमी., 46.74 हे.), पैकेज- II (85.30 किमी., 11.24 हे.) एवं पैकेज- I (16.4 किमी., 8 भूखंड), पैकेज- II (1.64 किमी.,2 भूखंड) एवं पैकेज- III (29.42 किमी.) सहित कुल 119 किमी. सड़क का निर्माण प्रस्तावित/ निर्माणधीन है । भूमि अधिग्रहण में प्रगति के बावजूद निर्माण कार्य धीमा है तथा किसानों के शेष मुआवजा एवं आबरीट्रेशन के मामले लंबित है । अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूँ कि उपर्युक्त परियोजना में पैकेज-वार भूमि अधिग्रहण, भूमि हस्तांतरण एवं निर्माण कार्य की अधतन वर्तमान स्थिति एवं निर्माण में विलंब के प्रमुख कारण एवं शेष मुआवजा भुगतान एवं आर्बिट्रेशन मामलों के निपटारे की समय-सीमा बताएं एवं परियोजना की समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने का कार्य करें ।